**राज्य शहरी आजीविका मिशन, (एस०यू०एल०एम०)**
**(राज्य नगरीय विकास अभिकरण,– सूडा उ.प्र.)**
7/23, सेक्टर–7, गोमती नगर विस्तार, निकट डायल 100, गोमती नगर, लखनऊ 226002
e-mail:nulmup@gmail.com website:www.sudaup.org

पत्रांक 480 /241/NULM/Teen/2001/Svanidhi-Vol-III दिनांक 5/5/2022

समस्त परियोजना अधिकारी,
जिला नगरीय विकास अभिकरण (डूडा),
उ0प्र0।

**विषयः–पी0एम0 स्वनिधि योजनान्तर्गत समस्त नगर निगम एवं नगर पालिका परिषद में आगामी 45 दिवसों हेतु चलाये जा रहे विशेष अभियान की अवधि को 15 दिन विस्तारित किये जाने के संबंध में।**

कृपया उपर्युक्त विषयक अपर मुख्य सचिव, नगर विकास अनुभाग–08, उ0प्र0 शासन के पत्र संख्या–818/9–8–2022–एल.सी.20/पी0एम0स्वनिधि दिनांक 29.04.2022 का सन्दर्भ ग्रहण करने का कष्ट करें, जिसके माध्यम से पी0एम0 स्वनिधि योजनान्तर्गत समस्त नगर निगम एवं नगर पालिका परिषद में आगामी 45 दिवसों हेतु चलाये जा रहे विशेष अभियान की अवधि को 15 दिन विस्तारित किये जाने के संबंध में दिशानिर्देश निर्गत किये गये है।

शासन के संज्ञान में आया है कि संबंधित निकायों द्वारा उक्त 45 दिवसीय विशेष अभियान की समय सीमा में निर्धारित लक्ष्यों की पूर्ति अपेक्षित मात्रा में नहीं की गयी है। अतएव सम्यक विचारोपरान्त उक्त 45 दिवसीय (दिनांक 14.03.2022 से 30.04.2022) विशेष अभियान की समय सीमा को 15 दिन और बढ़ाते हुए दिनांक 15.05.2022 तक विस्तारित किये जाने का निर्णय लिया गया है। तदोपरान्त निर्धारित समय सीमा समाप्त होने के पश्चात् मुख्य सचिव, उ0प्र0 शासन द्वारा प्रगति की समीक्षा की जाएगी।

जारी
05/05/2022

अतः निर्देशित किया जाता है कि उपरोक्तानुसार अभियान के दौरान निर्धारित लक्ष्यों की पूर्ति सुनिश्चित करें।

संलग्नक– यथोपरि।

5.5.22
(यशु रुस्तगी)
मिशन निदेशक

प्रतिलिपिः–

1. प्रमुख सचिव, नगरीय रोजगार एवं गरीबी उन्मूलन कार्यक्रम विभाग, उ0प्र0 शासन।
2. समस्त जिलाधिकारी/अध्यक्ष, डूडा, उ0प्र0।
3. समस्त परियोजना निदेशक/सिटी प्रोजेक्ट ऑफिसर, डूडा/सीएमएमयू, उ0प्र0 को नियमित अनुश्रवण व आवश्यक कार्यवाही हेतु।

5.5.22
(यशु रुस्तगी)
मिशन निदेशक

2649/2nd May.

email 29/4/22 12:46pm

220 12/5/22

संख्या- 818 /9-8-2022-एल.सी.20/पी0एम0स्वनिधि

प्रेषक,

डा0 रजनीश दुबे,
अपर मुख्य सचिव,
उ0प्र0 शासन।

सेवा में,

1. निदेशक, स्थानीय निकाय निदेशालय, उ0प्र0, लखनऊ।
2. निदेशक, सूडा, उत्तर प्रदेश, लखनऊ।
3. समस्त जिलाधिकारी, उत्तर प्रदेश।
4. समस्त नगर आयुक्त, नगर निगम, उ0प्र0।
5. समस्त अधिशासी अधिकारी, नगर पालिका परिषद, उ0प्र0।

नगर विकास अनुभाग-8 लखनऊः दिनांक 29 अप्रैल, 2022

विषयः- **पी0एम0 स्वनिधि** योजनान्तर्गत समस्त नगर निगम एवं नगर पालिका परिषद में आगामी 45 दिवसों हेतु चलाये जा रहे विशेष अभियान की अवधि को **15 दिन विस्तारित** किये जाने के संबंध में।

महोदय,

उपर्युक्त विषयक शासन के आदेश संख्या-413/9-8-2022-एल.सी./20 पी.एम. स्वनिधि, दिनांक 09 मार्च, 2022 का कृपया संदर्भ ग्रहण करने का कष्ट करें, जिसके द्वारा पी0 एम0 स्वनिधि योजनान्तर्गत निर्धारित लक्ष्यों को पूर्ण करने हेतु 45 दिवसीय ( दिनांक14.03.2022 से दिनांक 30.04.2022 तक) विशेष अभियान प्रारम्भ करते हुए विस्तृत दिशा निर्देश निर्गत किये गये हैं।

2- शासन के संज्ञान में आया है कि संबंधित निकायों द्वारा उक्त 45 दिवसीय विशेष अभियान की समय सीमा में निर्धारित लक्ष्यों की पूर्ति अपेक्षित मात्रा में नही की गयी है और प्रगति भी संतोषजनक नहीं है। अतएव सम्यक् विचारोपरान्त उक्त 45 दिवसीय (दिनांक 14.03.2022 से दिनांक 30.04.2022 तक) विशेष अभियान की समय सीमा को 15 दिन और बढ़ाते हुए **दिनांक** 15.05.2022 तक विस्तारित किये जाने का निर्णय लिया गया है।

3- उल्लेख किया जाना है कि दिनांक 15.05.2022 की निर्धारित समय सीमा समाप्त होने पर मुख्य सचिव, उ0प्र0 शासन द्वारा प्रत्येक निकाय के कार्यो के प्रगति की समीक्षा की जायेगी एवं **उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले जनपदों एवं निकायों को पुरस्कृत** किया जायेगा। जनपदों एवं निकायों को पुरस्कृत किये जाने के संबंध में शासन के पत्र संख्या-485/9-8-2022-एल0सी0-20 पी0एम0 स्वनिधि, दिनांक 16 मार्च, 2022 (छायाप्रति संलग्न) द्वारा पूर्व में दिशा-निर्देश/मैट्रिक्स निर्गत किये गये हैं।

4- अतः इस संबंध में मुझे यह कहने का निदेश हुआ है कि कृपया **पी0एम0 स्वनिधि योजनान्तर्गत** निर्धारित लक्ष्यों को **दिनांक** 15.05.2022 तक प्रत्येक दशा में शतप्रतिशत पूर्ण कराया जाना सुनिश्चित करें।

संलग्नक-यथोक्त।

भवदीय,

(डा0 रजनीश दुबे)
अपर मुख्य सचिव

AD/Prog. officer
प्र०नि०/अ०उ०(आ०वा०हे०)

29/4/22

Prog. officer

J. Nulebe 29/4/22

आजप्राप्त - 4.5.2022

महत्वपूर्ण

संख्या- 485 /9-8-2022-एल0सी0/20 पी0एम0 स्वनिधि

प्रेषक,

डा0 रजनीश दुबे,
अपर मुख्य सचिव,
उ0प्र0 शासन।

सेवा में,

1-निदेशक, नगरीयय निकाय, उ0प्र0, लखनऊ।
2-निदेशक, सूडा, उत्तर प्रदेश।
3-समस्त मण्डलायुक्त, उ0प्र0।
4-समस्त जिलाधिकारी, उ0प्र0।
5-समस्त नगर आयुक्त, नगर निगम, उ0प्र0।
6-समस्त अधिशासी अधिकारी, नगर पालिका परिषद/नगर पंचायत, उ0प्र0
7-समस्त परियोजना अधिकारी, डूडा, उत्तर प्रदेश।

नगर विकास अनुभाग-8 लखनऊः दिनांक 16 मार्च, 2022

विषयः- पी0एम0 स्वनिधि योजनान्तर्गत आगामी 45 दिवसीय अभियान में (14 मार्च से 30 अप्रैल, 2022) लक्ष्यों की पूर्ति में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले जनपद/नगर निगम/नगर पालिका परिषद/नगर पंचायत/बैंकों को सम्मानित किये जाने हेतु संशोधित दिशा-निर्देश/मैट्रिक्स।

महोदय,

उपर्युक्त के संबंध में अवगत कराना है कि पी0एम0 स्वनिधि योजनान्तर्गत आगामी 45 दिवसीय अभियान में (14 मार्च से 30 अप्रैल, 2022) लक्ष्यों की पूर्ति में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले जनपद/नगर निगम/नगर पालिका परिषद/नगर पंचायत/बैंकों को योजनान्तर्गत कार्यो में प्रगति के आधार पर उन्हें पुरस्कृत करने हेतु निर्गत मैट्रिक्स/रूपरेखा विषयक पूर्व शासनादेश संख्या-428/9-8-2022-एल0सी0/2020 पी0एम0 स्वनिधि, दिनांक 11 मार्च, 2022 को अवक्रमित करते हुए निम्नानुसार मैट्रिक्स/दिशा-निर्देश निर्धारित की जाती हैः-

1- पी0एम0 स्वनिधि योजनान्तर्गत उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले जनपदों/नगर निकायों/बैकों को प्राप्त होने वाले पुरस्कार की श्रेणीः-

1. उत्कृष्ट प्रदर्शन वाले प्रथम 3 जनपद
2. उत्कृष्ट प्रदर्शन वाले प्रथम 3 नगर निगम
3. उत्कृष्ट प्रदर्शन वाले प्रथम 3 नगर पालिका परिषद
4. उत्कृष्ट प्रदर्शन वाले प्रथम 3 नगर पंचायत
5. स्वनिधि से समृद्धि अन्तर्गत उत्कृष्ट प्रदर्शन वाले प्रथम 3 नगर निगम
6. उत्कृष्ट प्रदर्शन वाले प्रथम 3 बैंक

2- पीएम स्वनिधि अन्तर्गत 45 दिवस ( 14 मार्च, 30 अप्रैल, 2022) में उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए पुरस्कार हेतु मैट्रिक्स (जनपद, नगर निगम, नगर पालिका परिषद एवं नगर पंचायत हेतु) निम्न प्रकार होगीः-

| क्र.सं. | गतिविधियां | मानक | कुल अंक | अंक हेतु मानक | अंक वितरण | अभ्युक्ति |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | आनलाईन प्रथम ऋण आवेदन एवं वितरित ऋण में गैप के सापेक्ष ऋण वितरण | प्रतिशत में | 20 | >90% & <100%<br>>75% & <90%<br>>50% & <75%<br>>25% & <50% | 20<br>15<br>10<br>5 | 5 गतिविधियों मे सबसे अधिक अंक प्राप्त करने वाले 3 जनपद, नगर निगम, नगर पालिका परिषद एवं नगर पंचायत को प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय पुरस्कार |
| 2 | प्रथम ऋण क्लोज एवं द्वितीय वितरित ऋण में गैप के सापेक्ष द्वितीय ऋण वितरण | प्रतिशत में | 20 | >90% & <100%<br>>75% & <90%<br>>50% & <75%<br>>25% & <50% | 20<br>15<br>10<br>5 | |
| 3 | 45 दिवस में प्रति वेण्डर्स 300 लेनदेन | नम्बरर्स | 30 | >90% & <100%<br>>75% & <90%<br>>50% & <75%<br>>25% & <50% | 30<br>20<br>10<br>05 | |
| 4 | वितरित ऋण के सापेक्ष क्यू0आर0कोड एवं डिजीटली एक्टिव वेण्डर्स के मध्य गैप की पूर्ति। | प्रतिशत में | 10 | >90% & <100%<br>>75% & <90%<br>>50% & <75%<br>>25% & <50% | 10<br>08<br>05<br>02 | |
| 5 | पेडिंग एलओआर के सापेक्ष निस्तारण के मध्य गैप की पूर्ति | पेडिंग के सापेक्ष निस्तारण | 10 | 0<br>>1 & <25<br>>25 & <50 | 10<br>5<br>2 | |
| 6 | रिर्टन बाय बैंक के सापेक्ष निस्तारण के मध्य गैप की पूर्ति | पेडिंग के सापेक्ष निस्तारण | 10 | 0<br>>1 & <50<br>>50 & <100 | 10<br>5<br>2 | |
| | योग | | 100 | | | |

3--स्वनिधि से समृद्धि अन्तर्गत 45 दिवस (14 मार्च से 30 अप्रैल, 2022) में उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए पुरस्कार हेतु मैट्रिक्स (14 नगर निगम हेतु) निम्न प्रकार होगीः-

| क्र.सं. | गतिविधियां | मानक | कुल अंक | अंक हेतु मानक | अंक वितरण | अभ्युक्ति |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | ऋण वितरण के सापेक्ष वेण्डर्स प्रोफाईलिंग के मध्य गैप की पूर्ति | प्रतिशत में | 10 | >90 & 100%<br>>95 & <100 %<br>>90 & <95 % | 10<br>8<br>5 | 6 गतिविधियों में सबसे अधिक अंक प्राप्त करने |

| | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 2 | प्रति वेन्डर्स, परिवार में 03 सदस्यों के आधार पर फैमली प्रोफाईलिग के मध्य गैप की पूर्ति। (प्रति वेण्डर्स, परिवार में 3 सदस्यों का आधार) | प्रतिशत में | 20 | >90 & 100%<br>>95 & <100 %<br>>90 & <95 % | 20<br>15<br>10 | वाले 3 नगर निगम को प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय पुरस्कार |
| 3 | 8 योजनान्तर्गत पात्र लाभार्थियों एवं आवेदन में गैप के सापेक्ष आवेदन | प्रतिशत में | 15 | 100%<br>>95 & <100%<br>>90 & <95% | 15<br>10<br>5 | |
| 4 | 8 योजनान्तर्गत आवेदन एवं स्वीकृति में गैप के सापेक्ष स्वीकृति | प्रतिशत में | 20 | 100%<br>>95 & <100%<br>>90 & <95% | 20<br>15<br>10 | |
| 5 | 8 योजनान्तर्गत पात्र लाभार्थियों एवं स्वीकृति में गैप के सापेक्ष स्वीकृति | प्रतिशत में | 25 | 100%<br>>95 & <100%<br>>90 & <95% | 25<br>20<br>15 | |
| 6 | ई-कॉमर्स प्लेटफार्म (स्वीगी/जोमेटो) पर फूड वेण्डर्स की ऑनबोर्डिंग | ऋण प्राप्त फूड वेण्डर्स के सापेक्ष ऑनबोर्डिंग का प्रतिशत | 10 | >20%<br>>10 & <20%<br>>05 & <10%<br><5 % | 10<br>8<br>5<br>2 | |
| | योग | | 100 | | | |

4- पीएम स्वनिधि अन्तर्गत 45 दिवस (14 मार्च से 30 अप्रैल, 2022) में उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए बैंको हेतु पुरस्कार की मैट्रिक्स निम्न प्रकार होगी:-

| क.सं. | गतिविधियां | मानक | कुल अंक | अंक हेतु मानक | अंक वितरण | अभ्युक्ति |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | आन लाइन प्रथम ऋण आवेदन एवं स्वीकृत ऋण के गैप के सापेक्ष ऋण स्वीकृति | प्रतिशत में | 20 | >90 & <100%<br>>80 & <90%<br><75 & >80% | 20<br>15<br>10 | 3 गतिविधियों मे सबसे अधिक अंक प्राप्त करने वाले 3 बैंको को प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय पुरस्कार |
| 2 | स्वीकृत ऋण एवं वितरित ऋण के गैप के सापेक्ष ऋण वितरण | प्रतिशत में | 50 | >90 & <100%<br>>80 & <90%<br><75 & >80% | 50<br>40<br>30 | |

| | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 3 | प्रथम ऋण क्लोज एवं द्वितीय वितरित ऋण में गैप के सापेक्ष ऋण वितरण | प्रतिशत में | 30 | >90 & <100%<br>>80 & <90%<br><75 & >80% | 30<br>20<br>10 | |
| | योग | | 100 | | | |

5- उपर्युक्त पुरस्कारों का निर्धारण योजनान्तर्गत दिनांक 28.7.2022 की प्रगति की स्थिति के आधार पर 45 दिवस (14 मार्च, 2022 से 30 अप्रैल, 2022) में उक्त कार्यो के मध्य गैप की पूर्ति के आधार पर किया गया है।

6- इस संबंध में मुझे यह कहने का निदेश हुआ है कि कृपया पी0एम0 स्वनिधि योजनान्तर्गत आगामी 45 दिवसों में लक्ष्यों की पूर्ति हेतु उक्तानुसार कार्यवाही करने का कष्ट करें।

भवदीय,

(डॉ0 रजनीश दुबे)
अपर मुख्य सचिव

संख्या एवं दिनांक तदैव

प्रतिलिपि निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषितः-

1- निदेशक/नोडल आफिसर (पी0एम0 स्वनिधि), स्थानीय निकाय निदेशालय, उ0प्र0 को इस अनुरोध के साथ कि कृपया अपने स्तर से नागर निकायों को कार्यवाही हेतु सूचित करने का कष्ट करें।

2- समन्वयक, राज्य स्तरीय बैंकर्स समिति, उ0प्र0, बैंक आफ बड़ौदा को इस आशय से प्रेषित कि कृपया अपने स्तर से बैंकों को सूचित/निर्देशित करने का कष्ट करें।

3- निदेशक, राज्य नगरीय विकास अभिकरण (सूडा), उ0प्र0 को इस निर्देश के साथ प्रेषित कि कृपया 30 अप्रैल, 2022 को 45 दिवस पूर्ण होने पर उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले प्रदेश की नागर निकायों की सूचना संकलित कर अग्रेतर कार्यवाही करते हुए उक्तानुसार चयनित निकायों की सूची शासन को उपलब्ध करायें।

आज्ञा से,

(के0पी0 सिंह)
अनु सचिव